दैनिक भास्कर 16/03/2024

शिविर में 80 यूनिट रक्त एकत्रित

अम्बाला | जेसीआई अम्बाला व जीएमएन कॉलेज के यूथ रेडक्रॉस, एनएसएस, एनसीसी, वूमेन सेल, स्पोर्ट्स क्लब, एसडी के संयुक्त सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विकास चोना रहे। कॉलेज के यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रभारी व कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि रक्तदान शिविर में स्वयंसेवकों और कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। शिविर में 80 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में जेसीआई अम्बाला से जेएफएम आईपीपी लक्षित अग्रवाल, प्रेसिडेंट एचजीएफ रोहित जैन, सेक्रेटरी विभु अरोड़ा, वीपी कम्युनिटी डेवलपमेंट नमन जैन व प्रियंकु शर्मा मौजूद रहे।